गुरुवार

03 अगस्त, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




छह कट्ठा जमीन के लिए चाचा भतीजा के बीच जमकर मारपीट, चार राउंड चली गोली








## वीएचपी की रैलियों पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विश्व हिंदू परिषद की रैलियों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। बता दें कि हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद आज दिल्ली में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन और रैली निकाल रहा है। इन रैलियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट 4 अगस्त को इस मामले पर फिर सुनवाई करेगा।

वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने याचिका दायर की है। इसमें कहा गया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल दिल्ली में 23 जगहों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। याचिका में इस मामले पर जल्द सुनवाई की मांग की गई थी। इस सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने विरोध प्रदर्शनों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया लेकिन कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ बयानबाजी या कोई हिंसा नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने सीसीटीवी कैमरों से विरोध प्रदर्शनों की निगरानी करने और वीडियोग्राफी का निर्देश दिया।

### इंडिया गठबंधन ने मणिपुर की स्थिति पर राष्ट्रपति से की भेंट

# मणिपुर में शांति के लिए राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने का किया अनुरोध

◆ विपक्षी सांसदों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपा ज्ञापन, कहा- पीएम नरेंद्र मोदी शांति बहाल करने के लिए संघर्षग्रस्त मणिपुर का करें दौरा

**एजेंसी/नई दिल्ली**



मणिपुर हिंसा लेकर विपक्ष के 31 सांसदों ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इंडिया गठबंधन के सांसदों ने राष्ट्रपति से बिना किसी देरी के मणिपुर में शांति और सद्भाव स्थापित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मीडिया से कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के 31 सांसदों ने मणिपुर की स्थिति पर राष्ट्रपति से मुलाकात की। हमने राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा है। इससे पहले बुधवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति, जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में अपने कक्ष में विपक्ष के नेता (राज्यसभा), मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता, शरद पवार के साथ बातचीत की।

ज्ञापन में विपक्षी सांसदों ने कहा है कि प्रधानमंत्री शांति बहाल करने के लिए संघर्षग्रस्त मणिपुर का दौरा करें। विपक्ष के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में मणिपुर का दौरा करने वाले सांसद भी शामिल थे। सभी ने राष्ट्रपति को मणिपुर की स्थिति से अवगत कराया और अपने विवरण साझा किए। आगे बोले कि हमने राष्ट्रपति से निवेदन किया हैं कि वह प्रधानमंत्री पर मणिपुर की मौजूदा स्थिति पर तत्काल संसद को संबोधित करने के लिए दबाव डालें, जिसके बाद इस मामले पर विस्तृत और व्यापक चर्चा हो।

**राष्ट्रपति ने कहा कि वो इसे जरूर देखेंगी:** मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमने राष्ट्रपति को बताया कि किस तरह से मणिपुर में लोगों के पास खाना नहीं है, पानी नहीं है, बीमार लोगो के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। हमने बताया कि वहां किस तरह की घटनाएं हो रही हैं। खास तौर पर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के बारे में राष्ट्रपति को बताया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि वो इसे जरूर देखेंगी।

विपक्षी गुट इंडिया ने सुझाव दिया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राज्य की महिलाओं को हुए गंभीर नुकसान को सुधारने में मदद करने के लिए विभिन्न समुदायों की दो मणिपुरी महिलाओं को राज्यसभा के लिए नामित करें।

## राज्यसभा में बहुराज्य सहकारी सोसाइटी विधेयक पारित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बहुराज्य सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। विपक्ष के हंगामे, नारेबाजी और सदन से बहिर्गमन के बीच संक्षिप्त चर्चा के बाद जैविक विविधता संशोधन विधेयक और मध्यस्थता विधेयक भी पारित हो गया। इसके साथ ही उच्च सदन में मंगलवार को तीन विधेयक पारित हुए और आवधिक पंजीकरण विधेयक 2023 पेश किया गया।

बहुराज्य सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक को सदन में चर्चा के लिए केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने सदन पटल पर रखा। वर्मा ने कहा यह संशोधन सहकारिता के विकास के लिए जरूरी है। इस चर्चा का जवाब देते हुए वर्मा ने कहा संशोधन विधेयक के पारित होने से सहकारिता आंदोलन में एक नए युग के सूत्रपात होगा। हालांकि सभापति ने इस बीच विपक्ष के बहिर्गमन पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया और सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। राज्यमंत्री ने कहा सहकारिताओं के कामकाज में पारदर्शिता आएगी और इस संशोधन से अब पूरे देश में सहकारिता एक समान मानकों के तहत संचालित हो सकेंगी। अब सहकारिता में मनमानी और कुप्रबंधन पर लगाम लगेगी।

# जब महिला सशक्त होती है तो दुनिया समृद्ध होती है: मोदी

◆ महिला सशक्तिकरण पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया संबोधित

**एजेंसी/अहमदाबाद**



जी-20 भारतीय अध्यक्षता के तहत महिला सशक्तिकरण पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन गुजरात के गांधीनगर में आयोजित किया जा रहा है। चार अगस्त तक चलनेवाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी कर रही हैं। वहीं इस सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि जब महिला सशक्त होती है तो दुनिया सशक्त होती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत महिला सशक्तिकरण में प्रगति कर रहा है। महिलाओं के साथ, दुनिया समृद्ध होती है। 46 फीसदी निर्वाचित अधिकारी महिलाएं हैं। भारत में 80 फीसदी से अधिक नर्स और दाइयां महिलाएं हैं। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा तक महिलाओं की पहुंच वैश्विक प्रगति को बढ़ावा देती है, उनका नेतृत्व समावेशिता को बढ़ावा देता है और उनकी आवाजें सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करती हैं। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि भारत की राष्ट्रपति भी इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण हैं। वे विनम्र जनजातीय पृष्ठभूमि से आती हैं और वे अब दुनिया की सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व कर रही हैं और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सुरक्षा बल की प्रमुख कमांडर के रूप में कार्य कर रही हैं। इस लोकतंत्र की जननी में सभी को, शुरूआत से ही, मतदान देने का अधिकार समान रूप से मिला है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाएं उच्च शिक्षा में दाखिला ले रही हैं। भारत में, नागरिक उड्डयन में महिला पायलटों का प्रतिशत सबसे अधिक है और भारतीय वायु सेना में महिला पायलट अब लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। महिला अधिकारियों को परिचालन भूमिकाओं में तैनात किया जा रहा है।




## हर दिन हो रही आपराधिक घटनाओं से लोगों में दहशत, कानून-व्यवस्था चौपट

# पटना सिटी में घात लगाए बैठे अपराधियों ने गल्ला व्यवसायी की गोली मारकर की हत्या

◆ खाजेकलां थाना क्षेत्र स्थित महाराज घाट इलाके में हुई घटना, गोली की आवाज सुन मची भगदड़

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की राजधानी पटना में आपराधिक घटनाएं हाल के दिनों में बढ़ती जा रही हैं। एक के बाद मर्डर के मामलों से हड़कंप मचा हुआ है। दो दिन पहले पार्षद पति को गोली मारी गई थी। अब पटना सिटी में एक गल्ला व्यवसायी का मर्डर कर दिया गया। मामला पटना सिटी के खाजेकलां थाना क्षेत्र स्थित महाराज घाट इलाके का है। बताया जा रहा कि देर रात हथियारबंद अपराधियों ने बाइक सवार एक गल्ला कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा कि तुरंत ही गंभीर रूप से घायल गल्ला कारोबारी को इलाज के लिए गुरु गोविंद सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज को लेकर एनएमसीएच रेफर कर दिया। पुलिस घायल कारोबारी को लेकर एनएमसीएच पहुंची,



लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस मामले की जांच में जुटी :** मृतक की पहचान बहादुरपुर थाना क्षेत्र के संदलपुर निवासी मनीष कुमार के रूप में की गई। वो गल्ला का कारोबार करता था। बताया जाता है कि मनीष कुमार किसी व्यक्ति से अपना बकाया राशि लेने महराज घाट गया था। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने उसे गोली मार दी। जिससे इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक व्यापारी के पास उनका लगभग 3 लाख रुपया बकाया था, जिसकी तकादा करने महाराज घाट गए थे। बताया जा रहा है कि इसी क्रम में पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। इसी क्रम में मनीष कुमार के सर में एक गोली लगी और वह वहीं गिर कर झटपटाने लगे। गोली की आवाज सुनते ही वहां भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। इसी क्रम में मौके का फायदा उठाकर मोटरसाइकिल से आए अपराधी वहां से फरार

### पिछले कुछ दिनों में दो दर्जन से अधिक हत्या की घटना

बिहार में सुशासन पर सवाल उठ रहे हैं। अपराध नियंत्रण जो नीतीश कुमार की यूएसपी थी वह अब जमीन पर नहीं दिख रही है। पुलिस का इकबाल खत्म हो रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण लगातार बढ़ती हत्या, लूट, डकैती की घटनाएं हैं। बिहार में पिछले कुछ दिनों में दो दर्जन से अधिक हत्या की घटना हो चुकी है। राजधानी पटना का हाल सबसे बुरा है। यहां हर दिन हो रही हत्याओं से लोगों में दहशत का माहौल कायम हो गया है। शराब माफिया, बालू माफिया, जमीन माफिया तो कहीं अपराधियों के संगठित गिरोह ने कानून का मजाक बना दिया है। नवादा में बालू माफियाओं ने एक दरोगा को बालू से लदा हुआ ट्रैक्टर से रौंद दिया। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं पर सरकार और पुलिस कार्रवाई की बात कह रही है जबकि विपक्ष इसे जंगलराज रिटर्न्स बता रहा है। पुलिस मुख्यालय का वही रटा रटाया जवाब है- पुलिस करवाई कर रही है। अपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए एसटीएफ की टीमें लगातार काम कर रही हैं।

# कटिहार में महिला और उसके दो बच्चों की गला रेतकर हत्या

## खुलासा... महिला का पति ही निकला हत्यारा

◆ आरोपी फिरोज ने अपने सहकर्मी से मिलकर बेरहमी से अपनी पत्नी व दो मासूमों की कर दी हत्या

**केटी न्यूज/कटिहार**

बिहार के कटिहार में बुधवार सुबह तीन लोगों की हत्या की खबर के बाद हड़कंप मच गया। महिला और उसके दो बच्चों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। कटिहार पुलिस ट्रिपल मर्डर केस का खुलासा कर दिया है. वारदात में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या करने वाला कोई और नहीं ब्लकि मृतक महिला का पति ही है। वहीं, पुलिस ने आरोपी से धारदार हथियार भी बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी मो. फिरोज ने अपने सहकर्मी के साथ मिलकर अपनी पत्नी और दो बच्चों की हत्या की है।

**पहले किया जिंदा जलाने का प्रयासः** आरोपी मो. फिरोज ने दो शादियां की थी। जिसके चलते उसका अपनी पहली पत्नी से विवाद चल रहा था। वो उसे बार-बार जान से मार डालने की धमकी भी देता था। कल देर रात जब पहली पत्नी, उसकी बेटी और दूसरी पत्नी से हुआ बेटा एक ही कमरे में सो रहे थे। तभी रात के अंधेरे में आरोपी ने उन पर केरोसिन डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया, लेकिन जब वो इसमें कामयाब नहीं हो पाया तो उसने तीनों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। इस दौरान उसकी दूसरी पत्नी अलग कमरे में सो रही थी।

सुबह होने पर वारदात का पता चला। इस दौरान आरोपी पति ने पुलिस को ये कहकर गुमराह करने का प्रयास किया कि वह गांव में मोहर्रम का खेल देखने गया था, लेकिन पुलिस की पूछताछ में उसका खुलासा हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, सहकर्मी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बलिया बेलौन, सालमारी, तेलता थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी।

## कटिहार में ईंट के ढेर से टकराई बुलेट, सगे भाई समेत तीन की मौत

**कटिहार।** कटिहार जिले के रौतारा थाना क्षेत्र अंतर्गत धमेर्ली काली स्थान के पास सड़क हादसे में तीन मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतकों में कोढ़ा थाना क्षेत्र के दिघरी निवासी पहचान मिथिलेश ऋषि, मुनचुन ऋषि तथा पूर्णियां के बेलोरी निवासी गजलली शामिल है। मृतकों में मिथिलेश ऋषि और मुनचुन ऋषि दोनों सगे भाई हैं तथा गजलली मृतक के बहन के देवर हैं। तीनों बुलेट मोटरसाइकिल से कटिहार की ओर जा रहे थे। बुलेट की रफ्तार ज्यादा होने की वजह से सड़क किनारे रखी ईंट की ढेर से टकरा गया और मौके पर तीनों की मौत हो गई।

बताया जाता है कि जगल्ली ऋषि ग्राम बेलोरी अपने जीजा धर्मेंद्र ऋषि ग्राम बेगमपुर का बुलेट गाड़ी लेकर अपने बहन जूली देवी के गांव करवा टोला दिघरी आया हुआ था और यहां से बुधवार को करीब 12:30 बजे अपने जीजा का छोटा भाई मिथिलेश ऋषि एवं गांव के ही मुनचुन ऋषि के साथ घूमने के लिए बहरखाल अपने एक रिश्तेदार के यहां जा रहे थे कि इसी दौरान हादसा हो गया।

## निर्देश... सुबह 9 से शाम 4 बजे तक नहीं चलाए जाएंगे कोचिंग संस्थान

**केटी न्यूज/पटना**

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक की नजर बिहार के निजी कोचिंग संस्थानों पर है। केके पाठक ने अब नया निर्देश जारी किया है। इसके अनुसार अब सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक कोई भी कोचिंग संस्थान नहीं चलाए जाएंगे। इस समय को छोड़कर किसी भी समय में वह पूरी तरह स्वतंत्र है। इसके लिए 31 अगस्त के बाद विभाग कार्रवाई करेगा। अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को पत्र के जरिए निर्देश दिया है कि एक अगस्त से सात अगस्त तक सभी कोचिंग संस्थानों की लिस्ट बना लें। इसके बाद आठ से 16 अगस्त के बीच में उन सभी कोचिंग संस्थानों के संचालकों के साथ बैठक करके उन्हें यह निर्देश दें कि सुबह 9 बजे से 4 बजे तक कोचिंग नहीं चलाएं। 16 से 31 अगस्त दंडाधिकारी नियुक्त करके जो कोचिंग संस्थान उस समय में खुले रहेंगे उनको चेतावनी दें। अगर 31 अगस्त के बाद भी कोचिंग संस्थान समय में बदलाव नहीं करते हैं तो उन पर शिक्षा विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश जारी किया जाएगा। पत्र में यह भी लिखा है कि कोचिंग संस्थान में अगर सरकारी या गैर सरकारी शिक्षक पढ़ाते हैं तो उन्हें अविलंब हटा दें।

## बिहार को मिला रिलिजियस टूरिज्म डेस्टिनेशन अवार्ड

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार को प्रतिष्ठित रिलिजियस टूरिज्म डेस्टिनेशन ऑफ द इयर अवार्ड प्राप्त हुआ है। बेंगलुरु में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट 2023 में राज्य ने यह प्रतिष्ठित वर्ष का धार्मिक पर्यटन गंतव्य स्थल पुरस्कार जीता। अभय कुमार सिंह, सचिव, बिहार पर्यटन और विनय कुमार राय, निदेशक पर्यटन विभाग ने इस पुरस्कार को बिहार पर्यटन के लिए गौरव का क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग लगातार नए-नए अभिनव प्रयोगों के जरिए पर्यटन स्थलों में सुविधाओं और आकर्षण केंद्रों का विस्तार कर रहा है, उसी का परिणाम है कि यह पुरस्कार राज्य को प्राप्त हुआ है। विभाग आगे भी



लगातार अपने पर्यटन स्थलों को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करता रहेगा ताकि हम देश में एक बेहतर पर्यटन राज्य के रूप में स्थान हासिल करते रहें। सचिव और निदेशक ने कहा कि इसका श्रेय हमारे पर्यटन विभाग के पदाधिकारियों और कर्मियों को जाता है। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए भविष्य में बेहतर कार्य हेतु प्रोत्साहित किया है।

## नालंदा में मानव कंकाल मिलने से मची सनसनी

**नालंदा।** नालंदा में बुधवार को मानव कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामला दीपनगर थाना इलाके अंतर्गत न्यू एरिया राणा विगहा के खलिहान का है। मानव कंकाल बोरे के अंदर बंद था। घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब कुत्ते बोरे के अंदर पड़े मानव कंकाल को नोंच रहे थे। तभी पास से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर मानव कंकाल पर पड़ी इसके बाद इस बात की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। बोरे के अंदर से सिर, हाथ और एक पैर का अवशेष मिला है। इसके अलावा गले में एक धागा और नाइटी भी बरामद की गई है।

## मुजफ्फरपुर में ट्रक की टक्कर से ऑटो सवार दो लोगों की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

मुजफ्फरपुर में बालू लोड ट्रक की चपेट में आने से टेम्पो सवार दो लोगों की मौत हो गई। बुधवार को सकरा थाना क्षेत्र के महमदपुर पटेल चौक के पास भीषण सड़क हादसे दो लोगों की मौत हो गई। जबकि, एक की हालत गंभर है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। फिलहाल हाईवे पर आवागमन बाधित है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार ट्रक ने यात्रियों से भरे टेम्पो में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों का कहना है कि इस रोड से बालू लोड गाड़ी तक सुबह में काफी तेज रफ्तार से गुजरती है। आज तेज रफ्तार के कारण ही इतना भीषण हादसा हुआ है। इधर, सकरा थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। टेम्पो और ट्रक को जब्त किया गया है। मृतकों की पहचान के लिए आसपास के लोगों की मदद ली जा रही है। घायल को सड़क से उठाकर लोगों ने किनारे किया।



## खबरें फटाफट

### दुल्लहपुर में सर्पदंश से अधेड़ की मौत

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के दुल्लहपुर गांव में सर्पदंश से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना मंगलवार देर रात की है। हालाकि इसकी जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए थे, लेकिन वहां पहुंचने के पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। डाक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद परिजनों ने स्थानीय पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मृतक कालिका प्रसाद सिंह उम्र 50 वर्ष सिमरी के एक निजी विद्यालय में शिक्षक थे। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात सभी लोग खाना खाकर घर में सो रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे एक विषैले सर्प ने उन्हें डंस लिया। थोड़ी देर बाद जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तब तक उनकी हालत खराब होने लगी थी। परिजन दौड़े भाग्य लेकर उन्हें प्रताप सागर स्थित मेथोडिस्ट अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### घर में घुस महिला की पिटाई, तीन पर केस

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के कसिया गांव में घर में घुस महिला की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़िता कसिया गांव की रहने वाले प्रेमचंद राम की पत्नी तारामुनी देवी ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुए नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया है कि बच्चों को लेकर मेरी गोतनी से विवाद हुआ था। मामला सलट भी गया था। इसी बीच गोतनी का पक्ष लेकर अमित सिंह, दशरथ सिंह एवं उनकी पत्नी मेरे घर मे घुस आये और लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। जाते-जाते आरोपितों ने गले से मंगलसूत्र और कान के झुमके भी लेते गये।

## नावानगर के मणियां गांव का मामला, मारपीट में चार लोग जख्मी

# छह कट्ठा जमीन के लिए चाचा भतीजा के बीच जमकर मारपीट, चार राउंड चली गोली

- दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए सात लोगों पर दर्ज कराया एफआईआर
- पुलिस ने दोनों पक्ष की ओर से पांच लोगों को किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/नावागनर**



जमीन विवाद में झगड़ों का मामला आए दिन होती रहती है। रिश्ते नाते भूलकर जमीन के महज टुकड़े के लिए एक दूसरे के जानी दुश्मन बन बैठते हैं। यहां तक की जमीन के टुकड़े के लिए एक दूसरे पर गोली चलने से भी नहीं चुकने की मामला आए दिन सामने आती है। इस कड़ी के तहत मंगलवार की देर रात मणियां गांव का मामला प्रकाश में आया है। जहां 6 कठ्ठा जमीन के लिए चाचा भतीजा के बीच जमकर लाठियां चटकी। साथ ही दहशत फैलाने के उद्देश्य से दोनों तरफ से चार राउंड हवाई फायरिंग होने की जानकारी ग्रामीणों से मिली है। इस मारपीट में चार लोग जख्मी हो गए हैं। इधर दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए कुल सात लोगों पर सोनवर्षा ओपी में नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। वही दर्ज एफआईआर के बाद पुलिस ने दोनों पक्ष से पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक में संजय कुमार, रंजय कुमार दोनों का पिता स्व. केसरी यादव, मुन्ना कुमार, चितरंजन यादव पिता अक्षय सिंह एवं अक्षय सिंह पिता हुकुम सिंह शामिल हैं। बताया जाता है कि चाचा अक्षय सिंह एवं भतीजा मृत्युंजय सिंह के बीच 6 कठ्ठा जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। मंगलवार को अक्षय सिंह उसी खेत में धान की रोपनी करा रहे थे। तभी मृत्युंजय सिंह एवं उनके भाइयों ने रोक लगाने पहुंचे। दोनों पक्ष से शुरू हुई कहासुनी मारपीट तक पहुंच गई। बाद में हवाई फायरिंग भी दोनों तरफ से हुई। हालांकि फायरिंग से किसी तरह की क्षति नहीं हुई है। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद में दो पक्षों की मारपीट हुई है। साथ ही हवाई फायरिंग की भी सूचना मिली है।

### आथर में जमीन को लेकर चली गोली में जख्मी व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**नावानगर।** रविवार की रात वासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र के आथर गांव में जमीन विवाद में हुई गोलीबारी में जख्मी हीरालाल यादव की इलाज के दौरान मौत हो र्ग है। उसकी मौत बुधवार को राजधानी पटना में इलाज के दौरान हुआ है। परिजनों द्वारा शाम में उसका शव लाया गया। दरवाजे पर शव आते ही घर की महिलाओं की कंदन चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। बता दें कि हीरालाल का अपने गोतिया के भतीजे सुनील कुमार यादव के साथ जमीन का विवाद चल रहा था। इसी विवाद में रविवार की शाम दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। वही रात में सुनील ने अपने रिश्तेदारों को बुलवा हीरालाल के घर पर देर रात हमला कर दिया था। सुनील के पक्ष द्वारा चलाई गई गोली उसके सीना के पास लगी थी। परिजन इलाज के लिए पटना ले गए थे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बता दें कि इस मामले में मृतक के भाई उमेश यादव ने सुनील यादव समेत कुल आठ लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य फरार चल रहे है। वासुदेवा ओपी प्रभारी विष्णु कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, परिजनों में मातम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन के पश्चिमी गेट के समीप ट्रेन की चपेट में आये अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान हो गयी है। मृतक भोजपुर जिला के बिहिया थानांतर्गत संडउर गांव के रहने वाले हैं। विदित हो कि मंगलवार की शाम लगभग 6:30 बजे स्टेशन के पश्चिमी गेट के समीप किसी ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी। यह घटना पश्चिमी गेट से पश्चिम पोल संख्या 645/09-11 के बीच अप मेन लाइन की बतायी जाती है।

डुमरांव स्टेशन पर दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह स्टेशन पहुंचे, जिनके प्रयास से घटना के कुछ घंटे बाद ही अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान हो गयी, जिसके अनुसार ट्रेन की चपेट में आये बुजुर्ग व्यक्ति बिहिया थाना क्षेत्र के संडउर गांव के रहने वाले स्व. लखराम ओझा के पुत्र सिद्धनाथ ओझा (75) बताये जाते है। मृतक सिद्धनाथ ओझा सिंचाई विभाग से सेवानिवृत थे। परिजनों के अनुसार मृतक डुमरांव स्टेशन के समीप टेक्सटाइल कॉलोनी में रहने वाली अपनी छोटी बेटी कुमुद उपाध्याय तथा दामाद रंगनाथ उपाध्याय से मिलने आये थे।

## डुमरांव रेलवे स्टेशन के पश्चिमी क्रासिंग का बूम बाइक के धक्के से टूटा, परेशानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बुधवार की दोपहर स्थानीय रेलवे स्टेशन के पश्चिमी रेलवे क्रासिंग का उतरी बूम एक बाइक के धक्के से टूट गया। जिसके बाद घंटो स्लाइड बूम के सहारे ट्रेनों का परिचालन हुआ वहीं सड़क परिचालन ठप हो गया था। बाद में रेलवे के तकनीशियनों की टीम ने टूटे बूम की मरम्मत कर सड़क परिचालन बहाल कराया। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे भोजपुर की तरफ से आ रहे एक अपाची बाइक चालक ने क्रासिंग के उत्तरी बूम में जोरदार टक्कर मार दिया। इस टक्कर में बूम दो हिस्सो मे टूट गया। दुर्घटना को अंजाम दे वह भागने में सफल रहा। बताया जाता है कि उसका स्मार्ट मोबाइल फोन भी चकनाचूर हो गया था।

## एक नजर

### रामलीला समिति ने शुरू की विजयादशमी महोत्सव की तैयारी, सात अक्तूबर से शुरुआत



**बक्सर।** 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव की तैयारी को लेकर बुधवार को श्री रामलीला समिति की एक बैठक रामलीला मंच पर की गई। जिसकी अध्यक्षता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रामावतार पाण्डेय एवं संचालन सचिव बैकुण्ठ नाथ शर्मा ने किया। बैठक में आयोजन संबंधित तैयारी को लेकर चर्चा की गई और इसकी विस्तृत रूप रेखा तैयार की गई। इस मौके पर समिति के सचिव श्री शर्मा ने बताया कि विजयादशमी महोत्सव की तैयारी जोरो पर चल रही है। समिति ने विशेष सदस्यता अभियान के लिए नगर के विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग अलग टोली का भी गठन किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साल की भांति इस वर्ष भी वृंदावन की सुप्रसिद्ध रामलीला मंडली श्री नन्द नंदन लीला संस्थान के स्वामी करतार ब्रजवासी के द्वारा 21 दिनों तक दिन में कृष्णलीला और रात्रि में रामलीला प्रसंग का मंचन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन 07 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 27 अक्टूबर तक चलेगा। बैठक में सुरेश संगम, उदय सर्राफ उर्फ जोखन, कृष्ण कुमार वर्मा, गिरधारी लाल अग्रवाल, दिनेश कुमार जायसवाल, साकेत कुमार श्रीवास्तव, रमेश गुप्ता, श्रवण कुमार तिवारी, मदन कुमार दुबे, अजय कुमार वर्मा, चिरंजीलाल चौधरी, शशिकांत चौधरी (गार्ड साहब), राजकुमार मोदनवाल, सुशील कुमार मानसिंहका, सुमित मानसिंहका , पंकज मानसिंहका, रामायण चौबे, अयोध्या ओझा आदि उपस्थित थे।

### हथकड़ी की रस्सी काट फरार हो गया था शराब तस्कर, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**ब्रह्मपुर।** बुधवार को हाजत विहिन नैनीजोर थाने से एक शराब तस्कर पुलिस की आंखों में धूल झोंक हथकड़ी की रस्सी काट फरार हो गया। हालांकि उसे बाहर भागते देख पुलिस कर्मियों ने तत्काल उसका पीछा किया तथा कुछ किलोमीटर दूर जाकर उसे दुबारा पकड़ लिया। गिरफ्तार तस्कर श्रवण चौधरी पिता बलिराम चौधरी भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बहोरनपुर गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार नैनीजोर पुलिस ने उसे दिवा गश्ती अभियान के दौरान डेगा बाबा के पास से 14 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसकी बाइक भी जब्त कर ली थी। चुकी थाना परिसर में हाजत नहीं है। जिस कारण पुलिस उसे एक पाए के सहारे बांधे थी। इसी दौरान वह हथकड़ी की रस्सी काट भाग खड़ा हुआ। उसे भागता देख पुलिस के हाथ पांव फूलने लगे तथा पुलिस कर्मियों ने तत्काल उसका पीछा किया और कुछ किलोमीटर जाते जाते उसे पकड़ लिया। दुबारा उसकी गिरफ्तारी होने से पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली। बता दें कि नैनीजोर थाना हाजत विहिन है। इसके पहले भी यहा कैदियों के भागने की घटना हो चुकी है। बावजूद पुलिस विभाग द्वारा इस थाने में हाजत का निर्माण नहीं कराया रहा है। जबकि यह थाना दियारे इलाके का महत्वपूर्ण थाना है।



# बारिश नहीं होने से बढ़ती जा रही किसानों की मुश्किलें

- तेजी से निकल रहा रोपनी का समय, अब तक पचास फीसदी भी नहीं हुई बारिश
- बुधवार को पूरे दिन छाए रहे बादल, हुई हल्की बारिश

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में इस बार मॉनसून दगा दे गया है। रोपनी का बेहतरीन समय तेजी से निकल रहा है। लेकिन अबतक पचास फिसदी भी बारिश नहीं हुई है। जिस कारण किसान खासे परेशान है। बारिश नहीं होने से रोपनी का काम बाधित हो रहा है। जिन खेतों में ट्यूबवेल के सहारे रोपनी हुई भी है तो उसे बचाने की चुनौती का सामना किसानों को करना पड़ रहा है। बता दें कि पिछले एक महीने से मॉनसून रूठ सा गया है। हालांकि तीन चार दिन पहले से मॉनसून के सक्रिय होने की बात कही जा रही है। बावजूद बारिश नहीं हुई। आकाश में सिर्फ बादलों की अठखेलियां देखी जा रही है। किसानों का कहना है कि बारिश नहीं होने पर फसल को बचाना चुनौती होगी।

**तल्ख धूप व उमस भरी गर्मी से भी बढ़ी परेशानी:** बारिश नहीं होने के साथ ही जिले में मौसम काफी तल्ख हो रहा है। तेज धूप के साथ ही उमसभरी गर्मी से भी लोग परेशान है। वही इस कारण पटवन के बाद खेतों में जमा पानी भी जल्दी सूख जा रहा है। मौसम के तल्ख होने से धान के बिचड़ो व पौधों पर भी असर पड़ रहरा है। किसान मनोज यादव, दिनेश चौधरी, सुनील कुशवाहा आदि ने बताया कि मौसम तल्ख होने से धान के बिचड़े पीले पड़ रहे है जबकि खेतों में भी दरारे आ रही है। किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिए मौसम का नर्म होना भी जरूरी है।

**नहरों और नलकूपों का नहीं मिल पा रहा लाभ:** खेतों की सिंचाईं के लिए सरकार द्वारा नहरों व नलकूपों का जाल बिछाया गया है। लेकिन अधिकांश नलकूप वर्षों से बंद पड़े है। जबकि नहरों में भी पर्याप्त पानी नहीं आ पा रहा है। जिस कारण किसानों के सिंचाईं की समस्या गंभीर हो गई है। सबसे अधिक परेशानी नहरों के टेल एंड के किसानों को हो रही है। बता दें कि सिंचाई के वैकल्पिक साधनों के नकारा होने से जिले की कृषि मॉनसून आधारित हो गई है। जिस कारण किसानों को अक्सर नुकसान उठाना पड़ता है। यही कारण है कि अब किसान परिवार के युवा कृषि से मुंह मोड़ने लगे है।

## नगर परिषद बोर्ड की बैठक संपन्न, 17 एजेंडो पर मुहर

# 85 लाख रु. से स्वच्छ व सुंदर बनेगा बक्सर नगर

- विस्तारित क्षेत्रों में एलईडी व स्ट्रीट लाईट लगाने की मंजूरी
- निविदा के माध्यम से प्रकाशित कुल 39 नाली गली योजना के क्रियान्वयन हेतु योजना के प्राक्कलन की दी गई स्वीकृति

**केटी न्यूज/बक्सर**




बुधवार को बक्सर नगर परिषद बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन कमरून निशा व संचालन ईओ प्रेम स्वरूपम द्वारा की गई। जिसमें नगर परिषद के विस्तारित क्षेत्र के विकास समेत कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान कई एजेंण्डों पर स्वीकृति दी गई। नगर के विकास के साथ ही स्वच्छता को लेकर भी चर्चा की गई। नगर की सफाई को लेकर 85 लाख रुपए खर्च करने की योजना को मंजूरी दी गई है। नगर परिषद बक्सर के विस्तारित क्षेत्र में एलईडी स्ट्रीट लाईट लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

सोहनीपट्टी स्थित विकेन्द्रीकृत कम्पोस्ट पीट पर गीले कचड़े से खाद बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। नगर परिषद बक्सर अंतर्गत नये रैन बसेरा निर्माण की स्वीकृति दी गई। निविदा के माध्यम से प्रकाशित कुल 39 नाली गली योजना के क्रियान्वयन हेतु योजना के प्राक्कलन की स्वीकृति दी गई। लगभग 85 लाख की लागत से शहर की सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु निर्णय लिया गया। उपरोक्त एजेण्डा के साथ बोर्ड की बैठक में विकास योजना सहित कुल 17 एजेण्डा की स्वीकृति दी गई। इसके अलावे भी कई अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य पार्षद व ईओ के अलावे कई वार्ड पार्षद मौजूद थे।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से किसान की मौत

**राजपुर।** बुधवार को राजपुर थाना क्षेत्र के मड़निया गांव के बधार में हाई टेंशन तार के चपेट में आने से स्थानीय गांव निवासी एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई है। मृतक श्रीराम सिंह का 38 वर्षीय पुत्र अशोक सिंह है। आस पास में मौजूद लोगों ने जब उसे धारा प्रवाहित तार में झुलसते देखा तो हो हल्ला कर परिजनों को जानकारी दी तथा बिजली कंपनी को फोन कर लाइन कटवा उसे तार से निकाला गया। लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची राजपुर पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया है। वही इस घटना के बाद जहां पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है वही लोगों में बिजली कंपनी के प्रति गहरा आक्रोश है। बता दें कि कुछ दिन पहले पड़ोस के गांव में भी एक युवक की मौत धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से हो गई थी। लोगों का कहना है कि बार बार हो रही घटनाओं के बावजूद बिजली कंपनी जर्जर तारों की मरम्मत नहीं करवा रही है।






केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण
# भोजपुर/मगध
बक्सर, 03 अगस्त 2023
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com


### जिला समन्वय समिति की बैठक में सहयोगी विभागों और संस्थानों के साथ किया गया विमर्श

# एमडीए को ले चलेगा जागरुकता अभियान

- सिविल सर्जन ने फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बतायी एमडीए की महत्ता
- मीडिया के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने की अपील

केटी न्यूज/आरा



फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिला मुख्यालय सहित अन्य प्रखंडों में आगामी 10 अगस्त से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान शुरू हो रहा है। जिसको लेकर बुधवार को जिलाधिकारी राज कुमार के निदेर्शानुसार जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सिविल सर्जन डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ सहयोगी विभागों व संस्थानों के विभागाध्यक्ष शामिल हुए।

सिविल सर्जन ने कहा, फाइलेरिया एक गंभीर रोग है जिससे फाइलेरिया की दवा सेवन करने के बाद ही बचा जा सकता है। कभी-कभी फाइलेरिया के परजीवी शरीर में होने के बाद भी इसके लक्षण सामने आने में वर्षों लग जाता है। इसलिए फाइलेरिया की दवा का सेवन सभी लोगों के लिए लाभप्रद है। सिविल सर्जन ने बताया कि फाइलेरिया से मुक्ति के लिए दो तरह की दवा यथा डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की खिलाई जाएगी। अभियान के दौरान फाइलेरिया की दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। बल्कि इसे सभी ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर घर घर जाकर अपने सामने खिलाएंगे। इसके लिए लोगों में जागरूकता जरूरी है। इसलिए एमडीए कार्यक्रम की जन जागरूकता के लिए ग्रामीण क्षेत्र में जीविका के स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं शिक्षकों का भी सहयोग लिया जाएगा। साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाए। वहीं, मीडिया से समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाएं।

**सहयोगी विभागों की भूमिका अहम :** सिविल सर्जन डॉ. सिंह ने कहा कि अभियान के विषय में जन-जागरूकता बढ़ाने में जीविका, पंचायती राज विभाग एवं शिक्षा विभाग के साथ पीसीआई की अहम भूमिका होगी। जिले के सभी स्कूलों में अभियान को लेकर प्रभात फेरी के साथ प्रार्थना सभा में इसके विषय में बच्चों को जागरूक किया जाना है। जिले में जीविका दीदियां अभियान के दौरान फाइलेरिया दवा के बारे में लोगों को अवगत कराएंगी। साथ ही यह सुनिश्चित कराएंगी कि अभियान में दवा का सेवन शत-प्रतिशत हो। उन्होंने बताया कि अभियान के कुशल क्रियान्वयन के लिए ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर की टीम गठित की जाएगी। जिनके कार्यों के पर्यवेक्षण के लिए डबल्यूएचओ से हर पीएचसी स्तर पर पर्यवेक्षकों की तैनाती की जाएगी।

**अंगों में सूजन का आना फाइलेरिया की शुरूआती लक्षण :** पीरामल के जिला वेक्टर जनित रोग के डीपीओ चंदन प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया को हाथीपांव रोग के नाम से भी जाना जाता है। बुखार का आना, शरीर पर लाल धब्बे या दाग का होना एवं शरीर के अंगों में सूजन का आना फाइलेरिया की शुरूआती लक्षण होते हैं। यह क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से फैलता है। आमतौर पर बचपन में होने वाला यह संक्रमण लसीका (लिंफेटिक) प्रणाली को नुकसान पहुंचाता है। फाइलेरिया से जुडी विकलांगता जैसे लिम्फेडेमा (पैरों में सूजन) एवं हाइड्रोसील (अंडकोश की थैली में सूजन) के कारण मरीज को इसके कारण आजीविका एवं काम करने की क्षमता प्रभावित होती है।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, आईसीडीएस डीपीओ, डीएसओ, नगर निगम के आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी जीविका के डीपीएम, डब्ल्यूएचओ के जोनल कोऑर्डिनेटर, सभी पीएचसी के एमओआईसी, स्वास्थ्य समिति के डीपीएम, डीपीसी, डीसीएम, एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर, पीसीआई की डीएमसी व सीफार के प्रतिनिधि शामिल रहें।

### चबाकर खानी है अल्बेंडाजोल की गोली

एसीएमओ सह डीवीबीडीसीओ डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि 2 साल से कम उम्र के बच्चे, गंभीर रोग से ग्रसित एवं गर्भवती महिला को फाइलेरिया की दवा नहीं खिलाई जाएगी। इस अभियान में डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की गोलियां लोगों की दी जाएगी। दो से पांच वर्ष तक के बच्चों को डीईसी की एक गोली एवं अल्बेंडाजोल की एक गोली, छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को डीईसी की दो गोली एवं अल्बेंडाजोल की एक गोली एवं 15 वर्ष से अधिक लोगों को डीईसी की तीन गोली एवं अल्बेंडाजोल की एक गोली दी जाएगी। अल्बेंडाजोल का सेवन चबाकर किया जाना है। दो वर्ष के के कम के बच्चों, गर्भवति महिला एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं खिलाई जाएगी। वहीं, सबसे अहम बात यह कि खाली पेट इन दवाओं का सेवन नहीं करना है। जिसका स्कूल, कॉलेजों और आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रचार प्रसार किया जाएगा।

## डीएम रिची पाण्डेय ने किया क्षेत्र का भ्रमण

जहानाबाद। डीएम रिची पाण्डेय ने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत मोदनगंज प्रखंड अंतर्गत मंडई ग्राम निकट फल्गू नदी पर मंडई वीयर योजना का निरीक्षण किया। मंडई वीयर से उत्तर पश्चिम की ओर चंधरिया पुल से टड़वा की ओर जाने वाली नहर का चरूई के पास निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कार्यपालय अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, घोषी ने बताया कि दयालीपुर गांव के पास भूमि संबंधित विवाद के कारण कार्य करने में बाधा उत्पन्न हो रहा है। नहर निर्माण में भू-अर्जन में आ रही समस्या को अंचल अधिकारी, मोदनगंज एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को समाधान करने का निदेश दिया गया। नईमा पंचायत के ग्रामीणों को भू-अर्जन का मुआवजा नियमानुसार दिलाने का निदेश दिया गया। डीएम ने बकास्त भूमि के मामले में अग्रेतर कार्रवाई का निदेश दिया। परियामा में भू-अर्जन से संबंधित मामले का भुगतान सीओ से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।

## कोर्ट की फैसले से बीजेपी के राजनीति षड्यंत्र का पदार्फाश

**जहानाबाद।** जिला जदयू कार्यालय में जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा व प्रवक्ता अमित कुमार पम्मु ने बुधवार को मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने राज्य में जाति आधारित गणना को लेकर पटना हाईकोर्ट की मुहर को लेकर न्यायालय का धन्यवाद किया और इस मामले में बीजेपी की नकारात्मक राजनीति पर जमकर सवाल उठाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से बीजेपी की कुत्सित राजनीति का पदार्फाश हो गया। उन्होंने ने कहा कि जाति आधारित गणना को रुकवाने को लेकर बीजेपी ने छद्म तरीके से यूथ फॉर इक्वालिटी की मदद ली और कोर्ट में याचिका डलवाकर उसे रुकवाने की कोशिश की। वहीं, प्रवक्ता अमित कुमार पम्मु ने कहा कि राज्य में आबादी के हिसाब से लोगों के लिए योजना बनाने के मकसद स मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति आधारित गणना कराने का फैसला लिया था।







## स्वच्छता अभियान को लेकर पोस्टर का विमोचन

**जहानाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर एसएस कॉलेज में पोस्टर विमोचन किया गया। मौके पर जिला संयोजक गोपाल शर्मा एवं नगर मंत्री शुभांकर कुमार ने कहा कि अभाविप के द्वारा प्रदेश भर में सदस्यता अभियान 7 अगस्त से 28 अगस्त तक चेलेगा।

अभियान प्रमुख विष्णु शंकर व सह अभियान प्रमुख गौरव कुमार रविश कुमार मिश्रा जिला केंद्र सदस्यता अभियान प्रमुख अभिजीत पाठक व सह प्रमुख नारायण व शिवम कुमार को बनाया गया प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुजीत कुमार एवं सौरव कुमार ने बताया कि एबीवीपी के सदस्यता अभियान तीन चरणों में आगामी सात अगस्त से चलेगा इस अभियान के तहत 10 हजार नये सदस्यों को अभाविप को सदस्य बनाया जाएगा। पहला चरण सदस्यता विद्यालय सदस्य का रहेगा, जो आगामी 14 अगस्त तक चलेगा। कॉलेज मंत्री शुभम व आनंद कुमार ने बताया कि अभाविप देशहित, समाजहित एवं छात्रहित में अहम भूमिका निभाता रहा है। अभाविप राष्ट्र पुनःनिर्माण के उद्देश्य के साथ कार्य करने वाला छात्र संगठन है। इसलिए देशभक्ति भाव की भावना ही संगठन की शक्ति है जिससे छात्र-छात्राओं द्वारा बड़े अस्तर पर समर्थन मिल रही है।

## दो पक्षों में मारपीट व फायरिंग, दुकानदार को लगी गोली

केटी न्यूज/आरा

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यादवपुर और पिरौंटा गांव के समीप आरा-सरैयां रोड पर बुधवार की शाम दो पक्षों के बीच फायरिंग के दौरान रास्ते से गुजर रहे एक दुकानदार को गोली लग गयी। गोली दुकानदार के सर में लगी है, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी दुकानदार टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ला निवासी मो. अकबर हैं। जिनकी सरैया बाजार में गेट-ग्रिल बनाने की दुकान है। हालांकि, फायरिंग का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। इधर, घटना को लेकर आसपास



के इलाके में सनसनी मच गयी। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष संजय सिंह और टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार दल बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे।

अधिकारियों ने जख्मी दुकानदार और उनके परिजनों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली। दुकानदार के बेटे मो. पिंटू ने बताया कि बुधवार की शाम उसके पिता दुकान से बाइक से घर लौट रहे थे। इस बीच रास्ते मे यादवपुर गांव के समीप दो पक्षों के बीच मारपीट हो रही थी। उसी समय किसी द्वारा फायरिंग कर दी गयी। उस दौरान गोली रास्ते से गुजर रहे उसके पिता को लग गयी और वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। सूचना मिलने पर वह पहुंचा और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। हालांकि झगड़ा कोन कर रहा था और फायरिंग किसने की। यह साफ नहीं हो सका है। वहीं, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।






# कोर्ट से ऊपर खुद को न मानें मुख्यमंत्री योगी: शिवपाल सिंह

**केटी न्यूज/बलिया**



सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने फेफना स्थित एक निजी होटल में प्रेसवार्ता करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। कहा कि योगी जी खुदको कोर्ट से उपर ना समझे। उन्होंने जिले की समस्याओं पर आवाज उठाते हुए कहा कि सपा सरकार में बाढ़ और कटान से निपटने के लिये योजनाबद्ध तरीके से काम हुआ था और प्राथमिकता के आधार पर पैसे रिलीज कर कटानपीड़ितों और बाढ़ पीड़ितों को भी आशियाना व मुआवजा दिया गया था। लेकिन वर्तमान समय में बलिया के घाघरा से जो कटान हो रहा है उससे बचाव करने में सरकार पूरी तरह से विफल है। कई गांव खतरे में हैं उनको बचाना जरूरी है। एक सवाल के जवाब में शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि इंडिया से पीएम का चेहरा कौन होगा यह बताना जल्दबाजी होगी, लेकिन इतना जरूर है कि इंडिया से पीएम के चेहरे कई है जो भाजपा के पीएम के चेहरे से बेहतर है। पढ़े लिखे और योग्य है। जो देश हित में बेहतर कार्य करेंगे। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों पर 40 सीटें सपा की झोली में आएगी। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में जनता सपा को विकास के रूप में देख रही है। आने वाले दिनों में सपा ताकत और नई उर्जा के साथ चुनाव लड़ेगी।

**मुसलमान है सपा के साथ :** शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया कि मुसलमान सपा के साथ रहेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में सपा के पक्ष में मुसलमान खुलकर सामने आएंगे। मऊ के विधायक अब्बास अंसारी के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि यह समय आने पर पता चलेगा कि अब्बास किसके साथ है। वहीं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को लेकर शिवपाल यादव ने ओमप्रकाश राजभर को अपनी भाषा संयम बरतना चाहिए था, उन्हें संवैधानिक पद पर बैठे पीएम, सीएम और गृहमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। अब तो वह जहूराबाद सीट से फिर चुनाव जीत कर दिखाये। हकीकत पता चल जाएगा।




## खबरें फटाफट

### करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**बलिया।** चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के मझोवा मौजा में बुधवार की सुबह खेत में पानी चला रहे वृद्ध किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि चितबड़ागांव नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 सुभाष नगर निवासी हरिशंकर सिंह उम्र 71 माझोवा मौजा में खेत में सरकारी ट्यूबवेल से पानी चला रहे थे कि तभी करंट की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। वृद्ध की मौत की बात उनके घर पर लोगों का तांता लगा रहा। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। उधर घटना की तहरीर मृतक के पुत्र उपेंद्र सिंह ने मुकामी थाने में दी है।

### चचिया ससुर की हत्या करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

**बलिया।** बिल्थरारोड नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 में सोमवार की देर रात चचेरे ससुर एवं बांसडीह नगर पंचायत की पूर्व चेयरमैन रेनू सिंह के प्रतिनिधि रहे शत्रुघ्न सिंह की (51) हत्या में नामजद शिक्षक मनीष सिंह को उभांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि नगर पंचायत बांसडीह की पूर्व चेयरमैन रेनू सिंह के प्रतिनिधि शत्रुघ्न सिंह सोमवार की देर रात पूर्व चेयरमैन नंदलाल सिंह की पुत्री के घर बेल्थरारोड के वार्ड नंबर 10 स्थित आवास पर गए थे। वहीं किसी बात को लेकर आरोपी मनीष सिंह ने अपने लाइसेंसी हथियार से गोली चला दी, जिससे शत्रुघ्न सिंह की मौत हो गई। मामले में मृतक की पुत्री कोमल सिंह ने उभांव थाने में तहरीर दी कि उसके जीजा मनीष सिंह पुत्र स्व. रमाशंकर सिंह ने उसके पिता शत्रुघ्न सिंह को पिस्टल से गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त मनीष सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। इस दौरान अभियुक्त ने बताया गया कि मैंने अपने लाइसेंसी पिस्टल से गुस्से में अपने चचिया ससुर को गोली मार दिया था, अब पता चल रहा है कि उनकी मृत्यु हो गयी है।

## मेवात हिंसा को लेकर बजरंग दल व विहिप ने भरी हुंकार, किया जोरदार प्रदर्शन

# मेवात नहीं बनेगा हिंदुओं का कब्रिस्तान

**केटी न्यूज/बलिया**



विश्व हिन्दू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल बलिया द्वारा मेवात में हुई घटना को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया हरियाणा के मेवात में जो भी हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त सहमंत्री मंगल देव चौबे ने आज कहा कि श्रावण में प्रतिवर्ष किसी भी सोमवार पर मेवात के अंदर भगवान शंकर का आशीर्वाद लेने के लिए महाभारत कालीन पांच मंदिरों में श्रद्धालु जाते हैं। कल लगभग 20-25 हजार लोग पहुंचे हुए थे। अभी यात्रा शुरू हुए 15 मिनट भी नहीं हुए कि, उन पर उपद्रवियों ने गोलियां और पत्थर बरसाने तथा आगजनी शुरू कर दी।

श्रद्धालुओं ने जब देखा कि परिस्थिति नियंत्रण से बाहर जा रही है, तो पीछे हटने का प्रयास किया, तो देखा पीछे से भी पत्थर बरस रहे हैं। उन पर पेट्रोल बम फेंके गए, बहुत मुश्किल से कुछ लोगों को बचाकर हम नलहड़ महादेव के मंदिर में वापिस लेकर आ सके। कुछ ही देर हुई थी वहां गए हुए कि उस मंदिर के सामने से भी दंगाई आ गये। कारों, बसों और अन्य वाहनों को आग लगाने और जो सामने दिखा उन पर गोलियां बरसनी शुरू हो गई। दो लोगों को गोलियां लगीं। लगभग सारे वाहन जला दिए या तोड़ दिए गए। जब पुलिस आती है तो पुलिस को देखकर उपद्रवी भागते हैं और पहाड़ियों पर चढ़कर तीनों तरफ से मंदिर में शरण लिए हुए महिलाओं, बच्चों और अन्य भक्तों पर गोलियां बरसाना शुरू कर देते है। एक भक्त बलिदान हो जाता है। कुछ अन्य लोगो को भी गोलियां लगती हैं। बहुत मुश्किल से प्रशासन ने उन पर नियंत्रण किया और उसके बाद वहां से निकाल करके पुलिस लाइन में लेकर आए। लेकिन तब तक यह दृश्य हम देख चुके थे कि पूरा मेवात मानो मिनी पाकिस्तान बन गया है। चारों तरफ से घेराबंदी हो गई है, जगह जगह यात्री घिरे पड़े हैं। कहीं मंदिरों, तो कहीं पुलिस चौकियों में शरण ली और उन मंदिरों में और चौकियों पर भी हमले किए गए।

**मुहर्रम व रामनवमी पर हमले होते हैं :** डॉ. जैन ने आरोप लगाया कि इस घटना के जिम्मेदार वे लोग हैं जो इन दंगाइयों को भड़काते हैं उनके भड़काने के कारण से ही, मुहर्रम व रामनवमी पर हमले होते हैं। अन्य कितने लोगों का बलिदान दिया गया है, उनका पता लगाया जा रहा है। प्रशासन से भी इस बारे में सही आंकड़े नहीं मिल पा रहे हैं। घायलों की चिंता और उनके उचित उपचार की व्यवस्था की जा रही है। लेकिन यह गंभीर आत्म विश्लेषण का अवसर है कि कल नूह में डायरेक्ट एक्शन की तरह का वातावरण बना था। मैं उन मोलवियों से भी कहना चाहूंगा जो किसी भी बहाने से भड़काने की कोशिश करते हैं, उसका ही यह दुष्परिणाम दिखाई दिया है। यह उचित नहीं है। यह आत्मघाती प्रवृत्ति है। उन्होंने पूछा कि छोटे छोटे बच्चों को आगे लाकर तुम आगजनी करवा कर, उनका कैसा भविष्य निर्माण कर रहे हो? वहां आप भले ही मेजोरिटी में होंगे, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप उसको हिंदुओं का कब्रिस्तान बना दोगे? यह दुष्कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### जिहाद का पुतला जलाया जाएगा

डॉ. जैन ने घोषणा की कि हिंदू धार्मिक यात्रा पर हुए इस क्रूर हमले के विरोध में कल दो अगस्त को सम्पूर्ण देश में, समस्त जिला स्थानों पर इस जिहादी क्रूरता के विरोध में धरने प्रदर्शन किए जाएंगे और जिहाद का पुतला जलाया जाएगा। इस आतंकी हमले के कारण बजरंग दल के दो कार्यकताओं की निर्मम हत्या हुई है और समाज के दो अन्य व्यक्ति भी बलिदान हुए हैं, विश्व हिंदू परिषद की मांग है उन सबके परिवारों को एक एक करोड़ रुपया दिया जाए। जो घायल हुए हैं उनको 20 लाख रुपया तथा जिनकी गाड़ियां और बसें नष्ट हो गई हैं।




# कमियां मिलने पर डीएम ने एबीएसए से मांगा स्पष्टीकरण

**केटी न्यूज/बलिया**

### प्रधानाध्यापक पर दिया कार्रवाई का आदेश



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बुधवार को बीएसए कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में काफी गंदगी और फाइलों के रखरखाव ठीक नहीं मिलने पर निर्देश दिया कि कार्यालय की व्यवस्था में सुधार लाएँ। अभिलेख का रखरखाव ठीक से हो और हमेशा मेंटेनें रहे। उपस्थिति पंजिका देखने के आठ मिड डे मील को भी चेक कर उसकी गुणवत्ता को परखा। इस दौरान वहाँ मिली कमियों के संबंध में संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए।

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत कार्मिकों का नवीनीकरण ना होने की जानकारी मिलने पर तत्काल नवीनीकरण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कंपोजिट विद्यालय तहसीली स्कूल का भी जायजा लिया। दो कक्षा के बच्चों को एक ही कक्षा में बैठाने पर उन्होंने सवाल किया। प्रधानाचार्य पर नाराजगी जताते हुए इन पर कार्रवाई करने के निर्देश बीएसए मनीष सिंह को दिये। दूसरी क्लास में रखे गये मेज व ब्रेंच को खाली कर दोनों कक्षाओं में बच्चों को आराम से बैठाने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि स्कूल में पठन पाठन का कार्य बेहतर ढंग से हो। बच्चों की सुविधा का विशेष ख़्याल रखा जाए।

### जनपद में भी आई फ्लू ने बढ़ाई रफ्तार

**बलिया।** जिला चिकित्सालय के पूर्व सीएमएस एवं वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर बीपी सिंह ने राष्ट्रीय सहारा से विशेष बातचीत के दौरान बताया कि इन दिनों जनपद में प्रदेश के अन्य जनपदों की तरह यहां भी आई फ्लू के मरीजों का आगमन तेज हो गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम परिवर्तन के कारण नमी बढ़ने से आई फ्लू (एक्यूट वायरल कंजेक्टिवाइटिस) की बीमारियों के मरीजों की जिला अस्पताल में आवक काफी तेज हो गई है। जो तेजी से फैल रहा है, इससे बचने की सभी को आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि आई फ्लू वैक्टीरियल और वायरल दोनों तरह का होता है। जिसके शुरूआत के 24 से 72 घंटे तक आंखों में दिक्कतें बढ़ती है जिसमें आंखों का लाल हो जाना, पलकों में सूजन आ जाना, आंखों से पानी आना, आंखों से कीचड़ निकलना और धूप में आंखें चमकने लगती हैं और कभी कभी दिखाई भी कम देने लगता है। डॉ सिंह ने बताया कि 5 से 7 दिनों के अंदर यह स्वत: ठीक भी हो जाती है।




## सर्पदंश सुरक्षा सप्ताह के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# सांप काटने के बाद बचाव की दी गई जानकारी

**केटी न्यूज/बलिया**



ज़िलाधिकारी रवींद्र कुमार के निर्देश पर इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सर्पदंश से बचने के लिए सर्पदंश सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलहरी पर जन चौपाल के दौरान चिकित्साधिकारी व सदस्य इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य डॉ पंकज ओझा ने सांप के काटने पर तत्काल क्या करें और क्या नहीं करें के बारे में विस्तार से बताया। इस अभियान का उद्देश्य यही है कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर हम सर्पदंश से होने वाली मृत्यु में भारी कमी ला सकते हैं। इस अवसर पर एलटी कमलेश, विनय पटेल, फार्मासिस्ट विनय सिंह, पप्पू सिंह, गया गिरी, गुड्डू गिरी, उपेन्द्र एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कभी कभी सांप काट देता है और दिखाई नहीं देता हैं। ऐसे में साँप काटने के लक्षणों का जानना बहुत जरूरी है। तंत्रिका तंत्र जैसे मस्तिष्क पर असर होना, बेहोशी का आना, नींद का आना, पलकों का भारी होना, सांस लेने में तकलीफ होना, डंक लगने के कारण मसूड़ों से खून आना, पेट में दर्द, गहरे भूरे रंग का पेशाब आना, रक्त का थक्का जमना, सूजन आना आदि सांप के काटने के लक्षण हैं।

**सांप काट दे तो सबसे पहले क्या करें :** सांप के रंग व आकार को देखने और याद रखने की कोशिश करें। पीड़ित व्यक्ति का सर ऊंचा करके लिटायें या बैठायें। घाव को तुरंत साबुन व गर्म पानी से साफ करें। काटे हुए अंग को पट्टी या सूती कपड़े से बांध दें। उन्हें शांत और स्थिर रहने के लिए कहें। दंश को साफ व सूखे कपड़े से ढ़क दें। स्वास्थ्य से जुड़ी सहायता के लिए 1075 पर संपर्क करें या अपने स्थानीय विष नियंत्रण केन्द्र या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

**सर्पदंश की रोकथाम में क्या सावधानियां बरतें :** थोड़ी सी सावधानी बरती जाए तो सर्पदंश से बच सकते हैं। ऊंची जमीन पर जाने के लिए पानी में तैरते समय सांपों से सावधान रहें। सांप को अपने आस पास देखने पर धीरे धीरे उससे पीछे हटें। सांप को पकड़ने या मारने की कोशिश ना करें। मलवे या अन्य वस्तुओं के नीचे सांप हो सकते हैं लिहाजा ऐसी जगह पर सतर्क रहें। आपके घर में सांप होने की स्थिति में तुरंत अपने कम्युनिटी में पशु नियंत्रण के नंबर पर काल करें। दोहरी दृष्टि, आवाज का पतला होना, पलकों का गिरना, सांस लेने में तकलीफ होना, निगलने में असमर्थता महसूस करना, बोलने में कठिनाई होना इत्यादि।

# मीरा राय को अपमानित करने के खिलाफ एसडीएम के तबादले को लेकर वकील एकजुट

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सिविल बार संघ की आवश्यक बैठक बार सभागार में बुधवार को हुई। जिसमें समाज सेविका मीरा राय को उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद द्वारा अपमानित करने के बाबत चर्चा की गई। बैठक में सिविल बार संघ गाजीपुर एवं सेंट्रल बार संघ मुहम्मदाबाद के समर्थन में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद का स्थानान्तरण तत्काल किया जाए। सेन्ट्रल बार मुहम्मदाबाद के इस प्रस्ताव का सभी ने समर्थन करते हुए समस्या का निराकरण 72 घंटे के अन्दर करने की मांग की। अन्यथा सिविल बार संघ गाजीपुर और सेन्ट्रल बार एसोसिएशन मुहम्मदाबाद के आंदोलन में सहयोग के लिए बाध्य होगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।



सभा कि अध्यक्षता अध्यक्ष सुधाकर राय एडवोकेट व संचालन महासचिव रतन श्रीवास्तव ने किया। साथ ही सिविल बार संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश सिंह, शशि ज्योति पाण्डेय, आत्मा यादव, राजेश प्रताप सिंह, धीरेन्द्र नाथ सिंह, रामयश यादव, ओमप्रकाश गुप्ता ,बृजेश राय, राम अवतार राय, राजेश राय, राजेन्द्र विक्रम सिंह, अमित सिंह, नवीन कुमार राय, दुर्गेश राय, राकेश, स्वतंन्त्र सिंह, मुन्ना लाल भारद्वाज आदि ने विचार व्यक्त किया।

मुहम्मदाबाद में भी अधिवक्ताओं ने तहसील के सभी राजस्व न्यायालयों का बहिष्कार जारी रखा। जिससे न्यायिक कार्य ठप रहा। भारतीय जनता पार्टी भांवरकोल मंडल द्वितीय के कार्यकताओं ने जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय तक गए और उपजिलाधिकारी द्वारा समाजसेविका मीरा राय के साथ दुर्व्यवहार करने वाले उपजिलाधिकारी को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक नायब तहसीलदार को दिया। रास्ते में कार्यकर्ता नारेबाजी करते चल रहे थे कि मीरा राय के सम्मान में क्षेत्र की जनता मैदान में। जुलूस में शिक्षक नेता चौधरी दिनेश चन्द्र राय, भाजपा नेता विरेन्द्र राय, डा. रमेश राय, नारद राय, अशोक कुमार, ओंकार नाथ राय, इन्द्र प्रकाश राय, सोनू तिवारी, विजेन्द्र तिवारी आदि लोग शामिल रहे।

## राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने किया जनपद का दौरा

# आरटीई पोर्टल पर प्रविष्टि नहीं करने वाले स्कूलों पर करें कार्रवाई: डॉ. देवेंद्र

**केटी न्यूज/मऊ**

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष सह राज्यमंत्री डॉ. देवेंद्र शर्मा ने बुधवार को जिले का जायज लिया। इस क्रम में उनकी अध्यक्षता में मुख्यमंत्री बाल सेवा एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत लैपटॉप व सामग्री वितरण एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

उन्होंने कोविड-19 के दौरान जिन बच्चों के माता-पिता या दोनों में से किसी एक की मृत्यु होने पर उन बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए लैपटॉप वितरण किया गया। साथ ही, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के सात किशोरी क्लब को कैरम बोर्ड सहित अन्य सामग्रियां दी गई। जिससे पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी उनकी रूचि बढ़ सके। इसके अलावा समाजसेवी संगठनों के माध्यम से बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान नशा मुक्ति हेतु जनपद में अभियान चलाकर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए साथ ही ऑटो रिक्शा पर पोस्टर पंपलेट लगवाने को भी कहा जिससे और तेजी से इसका प्रचार-प्रसार होगा। मंत्री जी द्वारा नशा मुक्ति पर पुलिस विभाग, आबकारी विभाग एवं चिकित्सा के सहयोग से समय-समय पर अभियान चलाकर लोगों में जागरूकता लाए जिससे जनपद को नशा मुक्त बनाया जा सके।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जिला चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट के नियुक्ति की जानकारी ली जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति हो चुकी है, शिक्षा के रूपरेखा को बेहतर करने के लिए जनपद में मॉडल विद्यालय बनाकर शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। वहीं मंत्री ने आरटीई पोर्टल पर प्राइवेट विद्यालयों का रजिस्ट्रेशन कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की यह सर्वोच्च प्राथमिकता है कि इस योजना से गरीब परिवार के बच्चे लाभान्वित होते हैं। इसलिए आरटीई पोर्टल पर प्राइवेट विद्यालयों के माध्यम से आवेदन में लापरवाही करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने बाल संरक्षण इकाई समिति का गठन कर जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक रविवार को संबंधित विकासखंड पर बाल संरक्षण इकाई की बैठक करें जिससे काफी हद तक बाल संरक्षण में सुधार हो सकेगा। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर बाल संरक्षण इकाई की जानकारी लोगों में दें को कहा तथा हेल्पलाइन नंबरों का भी प्रचार प्रसार के निर्देश दिए जिससे पीड़ित व्यक्ति या महिला अपनी समस्या रखें और उसे तत्काल सुविधा मिल सके। मंत्री जी ने जनपद को प्रदेश में अच्छे स्तर पर लाने में पूरा सहयोग करने को कहा अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं एडीएम ने मंत्री को आश्वस्त किया।

## बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनायें सपा कार्यकर्ता

**चंदौली।** राधा कृष्ण महिला महाविद्यालय के सभागार में सपा कार्यकताओं द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें संगठन की मजबूती पर गहनता से विचार-विमर्श हुआ। राधाकृष्ण महिला महाविद्यालय अलीनगर के सभागार में सपा कार्यकताओं द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि पूरे देश में 26 अलग-अलग पार्टियों ने एकजुट होकर इंडिया बनाने का काम किया है। आगामी लोकसभा चुनाव में इसके माध्यम से जनता इन निकम्मी, भ्रष्टाचारी, दुराचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इसके लिए सपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनायें। मणिपुर की घटना देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भारत का सिर नीचा किया है। ऐसे महिला दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। आज देश में बेरोजगारी, महंगाई,भ्रष्टाचार,अत्याचार दुराचार चरम पर पहुंच चुका है। आम आदमी इन सभी से त्रस्त आ चुका है। मौके पर इंद्रजीत शर्मा,शमीम मिल्की, बैजनाथ यादव, केदार यादव, रामाशीष गायक, सुदामा यादव, नफीस अहमद, मुसाफिर चौहान व अन्य मौजूद रहें।

## अधिवक्ताओं को मिला व्यापारमंडल का समर्थन

**चंदौली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर हुई। इसदौरान सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी में यह निर्णय लिया गया कि 19 दिनों से जिले के विकास के लिए जिला न्यायालय एवं मुख्यालय के लिए आंदोलन कर रहे हैं ताकि जिला मुख्यालय का सर्वांगीण विकास हो सके। जनपद का अगर विकास हुआ तो इसका सीधा फायदा व्यापारियों को मिलना है। जिले का विकास 26 वर्षों से बाधित है। ऐसे में अधिवक्ता 19 दिनों से अपना सबकुछ छोड़कर जनपद के विकास के लिए लड़ रहा है। ऐसे में अधिवक्ताओं के साथ आंदोलन को हम सभी समर्थन देते हैं। इस क्रम में तीन अगस्त को चंदौली बंद के आह्वान का हम सभी समर्थन करते हैं।

# जिले के अधिवक्ताओं को मिला चेयरमैन व चंदौली मेडिकल एसोसिएशन का साथ

**केटी न्यूज/चंदौली**

संयुक्त बार एसोसिएशन चंदौली के तत्वावधान में जिला न्यायालय एवं मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले चलाया जा रहे आंदोलन के 19वें दिन जारी रहा। आंदोलन की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद अधिवक्ताओं का जुलूस कचहरी परिसर का चक्रमण करने के पश्चात धरनास्थल पर पहुंचकर जनसभा में तब्दील हो गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए और शासन-प्रशासन को विकास के मुद्दे पर संवेदनहीन बताया।

कहा कि शासन-प्रशासन की उदासीनता से जिला बनने के 26 वर्ष बाद भी आज तक दीवानी न्यायालय भवन का व जिला स्तरीय कार्यालय का निर्माण न किया जाना आमजन की भावनाओं की उपेक्षा है, जिसे कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस



मुद्दे पर अधिवक्ता आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य है। जनप्रतिनिधियों को चेताया कि जनहित के इस आंदोलन को समर्थन देकर शासन-प्रशासन से यहां की जायज मांगों को अविलंब पूर्ण कराने कराएं। इसके बाद अधिवक्ता झन्मेजय सिंह ने न्यायालय एवं मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति द्वारा जिले में संचालित समस्त संगठनों से एवं व्यापारी बंधुओं से भी अपील की। कहा कि अपना समर्थन देकर आमजन को लाभ पहुंचाने वाले इस आंदोलन को सफल बनाएं। आंदोलन को आजाद अधिकार सेना व चेयरमैन नगर पंचायत चंदौली सुनील यादव गुड्डू व चंदौली मेडिकल एसोसिएशन का समर्थन मिला। चंदौली मेडिकल एसोसिएशन समर्थन के साथ घोषणा किया कि तीन अगस्त को जिले के समस्त मेडिकल बंद रखेंगे और सारे मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य अधिवक्ता आंदोलन के साथ खड़े नजर आएंगे।

## फाइलेरिया उन्मूलन के साथ बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की ली जानकारी

# कर्मचारियों को रवैया में सुधार की दी चेतावनी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के रेवतीपुर गांव स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र के सभागार में बुधवार को बीईओ अशोक कुमार गौतम द्वारा मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसमें संचारी रोग व फाइलेरिया उन्मूलन के साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें 104 प्रधानाध्यापकों व चिकित्सा विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। बता दें कि समीक्षा बैठक में देर से आने वाले कर्मचारियों को अपने रवैया में सुधार लाने की चेतावनी देते हुए बीईओ अशोक कुमार गौतम ने कहा कि शासन की योजनाओं को लेकर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बीईओ के द्वारा बिंदुवार समीक्षा करते हुए विद्यालय समय पालन, नामांकन एवं उपस्थिति में वृद्धि करने एवं विभागीय कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने डीबीटी के अंतर्गत टीचर पेंडेंसी समाप्त करने के लिए बच्चों का आधार सत्यापन पूर्ण करने तथा अभिभावकों को बैंक भेजकर सीडिंग




का कार्य पूर्ण कराने के लिए 15 अगस्त तक का समय निर्धारित किया। इसके अलावा उन्होंने परिवार सर्वेक्षण के अंतर्गत सर्वे में चिन्हित आउट ऑफ स्कूल बच्चों का शारदा पोर्टल पर पंजीकरण एवं परिवार सर्वेक्षण का कार्य पोर्टल पर दो दिवस के अंतर्गत अपलोड करने का सख्त निर्देश दिया। निपुण भारत मिशन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी प्रधानाध्यापकों द्वारा बचनबद्धता दोहराई गई। बीईओ अशोक कुमार गौतम ने कहा कि? संचारी रोग व फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर भी सतर्क रहना होगा। कहा कि महकमें का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। इस मौके पर एआरपी संत कुमार गुप्ता, सुधाकर सिंह, सुधाकर, अंजना मिश्रा, विजेंद्र सिंह, जयप्रकाश, भगवती तिवारी, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार सिंह, मनोरमा सिंह, डेजी शर्मा, प्रवीण शुक्ला, हरिकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।









## डीएम की अध्यक्षता में मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की बैठक संपन्न

# 9 को होगा मेरी माटी, मेरा देश का शुभारंभ

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। आजादी का अमृत महोत्सव योजना के समापन समारोह में पूरे देश में मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ 9 अगस्त को होगा। जिसमें ग्राम पंचायत/नगर पंचायतों एवं स्थानीय नगर निकायों में 9 अगस्त को बैठक कर शिलाफलकम हेतु स्थान का निर्धारण, अमृतकलश हेतु मिट्टी का संग्रहण,10 अगस्त को परिषदीय विद्यालयों में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत एक प्रभात फेरी, तिरंगा यात्रा का आयोजन, स्वतंत्रता संग्राम स्थलों/शहीद स्मारक स्थलों पर स्वच्छता अभियान, 11 अगस्त को विद्यालयों में वीरों की गाथा से संबंधित कहानियों का



वाचन, पौधा वितरण एवं बिक्री स्थल का चिन्हांकन, राशन की दुकानों पर मेरी माटी मेरा देश अभियान हेतु बैनर, पोस्टर, स्टैंडी के माध्यम से प्रचार-प्रसार, 12 अगस्त को नव युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, एनसीसी,एनवाईके के सदस्यों द्वारा मेरी माटी मेरा देश मिनी मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

वहीं, शहीद स्मारक स्थलों पर पुलिस बैंड का वादन,13 अगस्त को ग्राम पंचायतों में रंगोली प्रतियोगिता, आजादी के नायकों पर आधारित एकल अभिनय, प्राथमिक विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों हेतु मध्यान्ह विशेष भोजन की व्यवस्था,14 अगस्त को अमृत सरोवरों पर प्रभात फेरियों का आयोजन, स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष स्वच्छता अभियान, 75-75 स्वच्छाग्रहों का सम्मान, 15 अगस्त को समस्त ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों में मृतिका कलश तैयार करना, झंडारोहण राष्ट्रगान का समूह गायन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीद जवानों के परिजनों का सम्मान, वसुधा वंदन के तहत 75 पौधरोपण कर अमृत वाटिका का विकास जैसे प्रमुख कार्य किए जाने हैं। इसी प्रकार ब्लॉक स्तर पर 16 से 20 अगस्त के मध्य कार्यक्रम होंगे, जिसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत व नगर पंचायत से संग्रहित मृतिका कलश का संग्रहण, विकासखंड पर ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में समस्त जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य सम्मानित नागरिको के द्वारा 75 पौधरोपण कार्य जैसे प्रमुख कार्य किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली एवं लखनऊ में आयोजित होंगे जिसके तहत प्रदेश के समस्त ब्लॉकों में एकत्रित किए गए मृतिका कलशों को सुसज्जित वाहनों के माध्यम से 27 से 29 अगस्त के मध्य नई दिल्ली के कर्तव्य पथ एवं दिनांक 23 से 24 अगस्त के मध्य प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एकत्रित किया जाएगा।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 अगस्त से 15 अगस्त तक इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा,जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र आशा बहुओं, बीट कांस्टेबल, लेखपाल, शिक्षामित्र के माध्यम से गांव के प्रत्येक घर में झंडे का वितरण किया जाना है। झंडो का क्रय-विक्रय राशन की दुकानों, ग्राम पंचायत भवनों, जन सेवा केंद्र,तहसील व विकास खंड कार्यालय, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पैट्रोल पंप एवं एलपीजी सेंटर से किया जा सकेगा।साथ ही शहरी क्षेत्र में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सीडीएस व एनयूएलएम- एसएचजी, निगम पार्षदगण,बीट कांस्टेबल लेखपाल एवं शिक्षा मित्र के माध्यम से प्रत्येक घरों में झंडा वितरण का कार्य किया जाना है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आवासीय घरों, सरकारी कार्यालयों, परिसर, सरकारी व गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थाओं, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक इकाइयों पर झंडा संहिता के अनुसार तिरंगा फहराए जाने का कार्यक्रम होगा।






## विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की मिली मंजूरी

मऊ। कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की महत्त्वपूर्ण बैठक हुई। नगर विकास एवम ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर मऊ में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु बजट की मंजूरी दी गई है। रहजानिया उप केन्द्र के 6 ट्रांसफार्मरों को जहांगीराबाद पर करने, पिजड़ा में नया उप केन्द्र बनाने, रहजनिया पर 5 एमबीए की क्षमता बढ़ाने, बुनकरों का फ्लेट रेट पर पैसा जमा करने तथा बाजार की लाइट सुधार के लिए मैने विस्तार से प्रस्ताव रखा। आपको बता दे के जनपद में विद्युत सुधार के लिए 20 करोड़, डीएसएसआर योजना के तहत 195 करोड़ और मऊ नगरपालिका क्षेत्र में 28 करोड़ रुपए की योजना स्वीकृत हुई है। नरई बांध में एक नया विद्युत उप केन्द्र बनेगा।

## रासायनिक खादों के अंधाधुंध प्रयोग का परिणाम है मृदा प्रदूषण: निशांत सिंह

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पीजी कालेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबंध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्याल के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। उक्त संगोष्ठी में कृषि संकाय के कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान विषय के शोधार्थी निशांत सिंह ने अपने शोध प्रबंध शीर्षक ₹क्रोमियम प्रभावित मृदा में चरणबद्ध तरीके से धान और सरसों की फसल में कार्बनिक खाद का प्रभाव₹ नामक विषय पर शोध प्रबंध व उसकी विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से कृषि भूमि प्रदूषित हो गई है, भारी धातुओं से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण मानव जीवन के लिए एक घातक माना गया है।

क्रोमियम एक सर्वव्यापी भारी धातु है। जिसमें तीन मुख्य ऑक्सीकरण अवस्थाएँ होती हैं, जैसे क्रोमियम डबल प्लस, क्रोमियम ट्रीपल प्लस एवं क्रोमियम छः प्लस एक। यह क्रोमियम चमड़े के कल कारखानों, लौह अयस्क खदानों, कपड़ा रंगाई उद्योगों आदि से निकलता है और पर्यावरण में फैल जाता है। हेक्सावलेंट क्रोमियम सबसे जहरीला माना जाता है। क्योंकि यह जीवों की बायोमेम्ब्रेन को आसानी से पार कर सकता है और घातक बीमारियों को जन्म देता है। धान और सरसों पर किए गए शोध से यह निष्कर्ष सामने आया है कि क्रोमियम द्वारा हुए प्रदूषण के कारण धान और सरसों के पौधों की वृद्धि में कमी आती है। प्रति पौधा उपज घट जाती है। शोध के दौरान यह देखा गया है कि जब धान के भूसे से बनी पोल्ट्री खाद को प्रयोग किया गया तो क्रोमियम से होने वाले नकारात्मक प्रभाव कम हो जाते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप पौधों में पत्तियों की संख्या, प्रति पौधा शाखाओं की संख्या, पुष्पगुच्छ की लंबाई, पुष्प गुच्छ की संख्या, प्रति सिलिका में बीजों की संख्या, शुष्क पदार्थ का संचय और प्रति पौधा बीज उपज में वृद्धि पाई गई है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

मऊ। रानीपुर ब्लाक क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय पलिया पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई रानीपुर की कार्यकारिणी के समस्त शिक्षक सहित संगठन के सदस्यों की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य रुप से 23 अगस्त 2023 को मंडलीय अधिवेशन के अंतर्गत अयोध्या में प्रतिभाग करना तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, क्षेत्रीय विधायक को 18 सूत्रीय मांग पत्र एवं शिक्षा निदेशालय (बेसिक) निशातगंज लखनऊ पर विशाल धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम के बारे में चर्चा किया गया। इस दौरान जगदीश कुमार गौतम (अध्यक्ष), सरफराज अहमद (मंत्री), राजेश कुमार यादव (कोषाध्यक्ष), उपेंद्र कुमार तिवारी, मुहम्मद सुहेल, सरिता देवी, अखिलेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।





